# नौकरी छोड़ने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन ने डॉक्टरों के नाम पर लिया कैश, जांच में पकड़ा, 1.12 करोड़ जुर्माना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी में प्राइवेट हॉस्पिटलों की मनमानी कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। कहीं बिल के नाम पर शव को रोक लिया जाता है, तो कहीं बिल के नाम पर मरीज को बंधक बना लिया जाता है। ताजा मामला शहर के जेनेटिक हॉस्पिटल का सामने आया है, जहां डॉक्टरों के हॉस्पिटल छोड़ने के बावजूद प्रबंधन उनके नाम पर मरीजों को एडमिट कर इलाज करता रहा। इतना ही नहीं उनके नाम के सिग्नेचर और मुहर का भी इस्तेमाल किया गया। इस फर्जीवाड़ा का सच सामने आने के बाद हॉस्पिटल पर झारखंड आरोग्य सोसायटी ने 1.12 करोड़ रुपए का फाइन लगाया है। वहीं पांच दिनों के अंदर फाइन की राशि जमा करने को कहा गया है। हॉस्पिटल प्रबंधन पर एफआईआर भी होगा।

**क्या है मामला :** जेनेटिक हॉस्पिटल पर डॉक्टरों के फर्जी मुहर और हस्ताक्षर का इस्तेमाल करने का आरोप है। हॉस्पिटल पर लगाए गए जुर्माने में मरीजों से वसूली गयी राशि के लिए 17.53 लाख रुपये और बिना सेवा दिए बिल बनाने के लिये 94.48 लाख रुपये फाइन लगाया है। जुर्माने की राशि से 5.89 लाख रुपये वसूल किए गए हैं। बाकी राशि 1.06 करोड़ रुपये जमा करने के लिए पांच दिन का समय दिया गया है। शिकायतों की जांच कर सिविल सर्जन रांची ने इस बात की पुष्टि की कि अस्पताल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों से पैसे लिये और फर्जी मुहर व हस्ताक्षर का इस्तेमाल किया।

**ऐसे की गई गड़बड़ियां :** डॉ. भारद्वाज नारायण चौधरी ने जेनेटिक सुपर स्पेशियलिटी में अगस्त 2022 से 31 अक्टूबर 2022 तक काम किया था लेकिन अस्पताल ने 31 अक्टूबर 2022 के बाद भी डॉ. चौधरी की सील और उनके हस्ताक्षर का इस्तेमाल किया। उनके नाम पर इलाज करा रहे मरीजों से भुगतान भी लिया गया। डॉ. जय पलक ने दिसंबर 2022 तक अपनी सेवा दीं लेकिन इस अवधि के बाद भी अस्पताल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज करने और भुगतान लिया जाता रहा।

# पारस हॉस्पिटल ने की गलत बिलिंग, सिविल सर्जन ने लगाया 10 हजार रुपये का जुर्माना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** धुर्वा स्थित पारस हॉस्पिटल भी हमेशा विवादों में रहा है। लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा करने वाले इस हॉस्पिटल पर गलत बिलिंग का आरोप लगा। जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर सिविल सर्जन रांची ने हॉस्पिटल पर 10 हजार रुपए का फाइन लगाया है। बताते चलें कि अपर बाजार के ज्योति शर्मा ने अपने परिजन को तीन महीने पहले इलाज के लिए एडमिट कराया था, डॉक्टरों से कंसल्टेशन के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। जब उन्होंने बिल का मिलान किया तो वहां लगे चार्ट और दिए गए बिल में अंतर पाया। इसकी शिकायत करने के बाद उन्हें डिफरेंस मनी वापस की गई। साथ ही कहा गया कि ये पुराना रेट चार्ट लगा है। इसलिए बिल बनाने में गड़बड़ी हो गई। इसके बाद ज्योति शर्मा ने इसकी शिकायत दर्ज कराई। डीसी रांची ने सिविल सर्जन को मामले की जांच का निर्देश दिया। जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर क्लिनिकल इस्टैबलिशमेंट एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सोशल एक्टिविस्ट ज्योति शर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप भी किसी हॉस्पिटल में अपना या परिजन का इलाज कराने जाएं तो बिल का मिलान वहां लगे चार्ट से जरूर करें। अगर गड़बड़ी है तो इसकी शिकायत हॉस्पिटल में और सिविल सर्जन से करें। गलत करने वालों हॉस्पिटलों पर कार्रवाई जरूर होगी।

# रिटायरमेंट के बाद वकालत करूंगा, यहीं से की थी न्यायिक जीवन की शुरुआत : चीफ जस्टिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय लोक अदालत का निरीक्षण करने रांची सिविल कोर्ट पहुंचे झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी ने कहा कि रांची सिविल कोर्ट में आकर काफी अच्छा लगा। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष और रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त ने राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए काफी मेहनत की। बार का इतना स्नेह मिला अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि मैंने वकालत से न्यायिक जीवन की शुरूआत की थी, रिटायर होने के बाद वापस वकालत करूंगा। लोक अदालत में वादी-प्रतिवादियों को कम समय में न्याय मिलता है। लोगों को समय पर न्याय मिलेगा, तभी न्यायिक व्यवस्था का सही इस्तेमाल माना जायेगा। लोक अदालत में वकीलों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। वहीं हाईकोर्ट के न्यायाधीश और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने लोक अदालत को त्वरित और सुलभ न्याय का माध्यम बताया।




**राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए गए 10 लाख से ज्यादा मामले, 11 अरब का हुआ सेटलमेंट :** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस समेत अन्य न्यायाधीशों की मौजूदगी शनिवार को शुरू किए गए राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 9 लाख 8 हजार 113 प्री लिटीगेशन मामले निष्पादित किए गए। वहीं 1 लाख 5 हजार 313 मामले निपटाए गए। साथ ही 11 अरब रुपये से ज्यादा की राशि का सेटलमेंट किया गया और लाभुकों के बीच चेक का वितरण किया गया। लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए हाईकोर्ट में दो बेंचों का गठन किया गया है। हाईकोर्ट में कुल 54 मामले निष्पादित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान लोक अदालत के लाभुकों के बीच सभी न्यायाधीशों ने चेक का वितरण किया। वहीं लोक अदालत के दौरान पारिवारिक विवाद खत्म कर दुबारा एक हुए दो जोड़ों को चीफ जस्टिस ने उपहार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**चीफ जस्टिस ने लोक अदालत का किया निरीक्षण :** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी, झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस संजय द्विवेदी राष्ट्रीय लोक अदालत का निरीक्षण करने रांची सिविल कोर्ट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कोर्ट में चल रही लोक अदालत का जायजा लिया और पक्षकारों के बीच मध्यस्थता करवा रहे वकीलों से बातचीत की।

## डीसी-एसएसपी ने मुहर्रम को लेकर अखाड़ों एवं जुलूस रुट का किया निरीक्षण, कहा

# तय रुट से जुलूस निकालें और लौटें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं एसएसपी चंदन सिन्हा ने मुहर्रम पर्व को लेकर रांची के विभिन्न अखाड़ों एवं जुलूस रुट का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर जिला दण्डाधिकारी राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष गुप्ता, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता सुदेश कुमार, सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटि और शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। कर्बला से धौताल अखाड़ा, शिवाजी चौक से उर्दू लाइब्रेरी तक जुलूस रुट का निरीक्षण करते हुए आला अधिकारियों ने अखाड़ाधारियों से बातचीत कर विधि-व्यवस्था में सहयोग की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि तय रुट से ही ससमय जुलूस निकालें और वापस लौटें। उन्होंने अखाड़ाधारियों से कहा कि जुलूस में असामाजिक तत्व शामिल न हो इसे लेकर सजग रहें। किसी भी तरह के खतरनाक कारनामे जुलूस में न हों इसका भी सभी अखाड़ाधारी ध्यान रखें।



डोरंडा के युनूस चौक पहुंच कर भी उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने अखाड़ाधारी से बातचीत की। एसएसपी ने जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था से संबंधित किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत पुलिस-प्रशासन को सूचित करने को कहा। अखाड़ाधारी के अनुरोध पर उपायुक्त द्वारा डोरंडा क्षेत्र में आवश्यक स्थान पर सीसीटीवी की व्यवस्था करने का निदेश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया।

**मुहर्रम कमिटि ने पदाधिकारियों का किया स्वागत :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के चर्च रोड स्थित कर्बला पहुंचने पर कमिटि के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। कर्बला में लगने वाले मेले की जानकारी देते हुए कमिटि के सदस्यों ने लाइट, महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती, जेनरेटर आदि की व्यवस्था का अनुरोध किया गया, जिस पर उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा उचित आश्वासन दिया गया।

# कर्बला पर चादरपोशी की



**जुलूस में असामाजिक तत्व शामिल न हों इसे लेकर सजग रहें, कर्बला में चादरपोशी कर मांगी गयी अमन, चैन की दुआ**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कर्बला चौक कर्बला पर छठी मोहर्रम के अवसर पर शनिवार को जिला प्रशासन की मौजूदगी में मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी की अगुवाई में चादर पोशी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची डीसी राहुल सिन्हा एवं सीनियर एसपी चंदन सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि ए डी एम लॉ ऑर्डर, एसडीम रांची, डीएसपी रांची, एसडीओ रांची, ने संयुक्त रूप से कर्बला पर चादर चढ़ाई। राज्य और देश की सलामती, तरक्की के लिए मौलाना सैयद तहजीब उल हसन रिजवी ने दुआ करायी।

# मौजूदा सरकार की नाकामी को बार-बार दिखायेगा भाजपा महिला मोर्चा



**भाजपा महिला मोर्चा चतुर्थ प्रदेश कार्यसमिति की बैठक**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय हरमू में शनिवार को प्रदेश महिला मोर्चा प्रथम कार्यसमिति प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें प्रदेश संगठन के महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर मौजूद थे। आरती कुजूर ने कहा कि भाजपा परिवार पूरे विश्व में सबसे बड़ी पार्टी है, जिसमें महिला मोर्चा का बहुत बड़ा योगदान रहा है। राज्य में महिलाओं के साथ अपराधिक शोषण का भाजपा महिला मोर्चा ने ही समाज में जाकर कार्य किया है। जिस प्रकार महिला मोर्चा हमेशा शोषित पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलवाने का कार्य किया है ठीक उसी प्रकार फिर से सरकार की नाकामी को आईना दिखाने का कार्य करना है।

वहीं, कर्मवीर सिंह ने कहा कि हमारे संपूर्ण देश में सात मोर्चा खड़ा किया गया। पर जनसंपर्क करना पड़ा तो महिलाओं से संपर्क करने के लिए महिला मोर्चा द्वारा किया गया। कहा कि भारत को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाने का भाजपा का लक्ष्य है और यह अपने अच्छे विचार और कर्तव्य से होगा। सत्ता में रहते हुए समाज का उद्धार कैसे करना है। यह भाजपा ने बता दिया है। आरती सिंह ने कहा कि राज्य में आए दिन महिला उत्पीड़न, शोषण की खबरें आते रहती है। इस मामले में राज्य सरकार की कोई गति विधि भी नहीं दिखती। न ही कोई और पार्टी की महिलाएं इस पर कुछ गतिविधि दिखाती हैं। ऐसे में भाजपा महिला मोर्चा अपराधिक घटनाओं से पीड़ित महिलाओं राज्य भर में धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

# हेलीकॉप्टर की करायी गयी इमरजेंसी लैंडिंग

**रांची।** पायलट की सूझबूझ से रांची में एक बड़ा हादसा टल गया। रांची एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद तेज बारिश और हवा के कारण हेलीकॉप्टर आसमान में संतुलन खोने लगा, जिसके बाद हेलीकॉप्टर को रांची के स्मार्ट सिटी स्थित एक मैदान में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। यह घटना शुक्रवार देर शाम की है। हेलीकॉप्टर रांची एयरपोर्ट से बेंगलुरु जा रहा था लेकिन खराब मौसम के कारण इसे ऐसी जगह पर उतारना पड़ा जो असुरक्षित था। बताया जा रहा है कि यह हेलीकॉप्टर दरभंगा से आ रहा था और रांची में ईंधन भरने के बाद बेंगलुरु के लिए उड़ान भरा था और ओड़िशा के झारसुगुडा तक पहुंचने के बाद खराब दृश्यता के कारण आगे नहीं बढ़ सका। इसलिए पायलट ने हेलीकॉप्टर को रांची की ओर मोड़ दिया और धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी एरिया में खाली जगह पर हेलीकॉप्टर को उतारा। इसमें सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। हेलिकॉप्टर ने शनिवार को सुरक्षित उड़ान भरी।

# देवघर में गिरिडीह जेल अधीक्षक के परिवार पर होनेवाला था हमला, एटीएस ने दबोचा

## कुख्यात अमन साव के इशारे पर होनी थी हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साव गिरिडीह जेल के ही अधीक्षक के परिवार पर हमला बोलने वाला था। एटीएस की टीम ने उन सबों को दबोच लिया और एक कांड होने से बच गया। अमन साव ने जेल अधीक्षक को धमकी दी थी। जेल में धमकी देने के बाद अमन ने अपने गुरु को गिरिडीह जेल अधीक्षक हिमानी के परिवार पर हमला करने का आदेश दिया था। दो से तीन दिनों के भीतर जेल अधीक्षक के देवघर स्थित घर पर अमन के गुर्गे हमला करने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही झारखंड एटीएस की टीम ने अमन गिरोह के उन चारों अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि टेक्निकल सेल से इस बात की जानकारी मिलने के बाद एटीएस तुरंत हरकत में आई और गिरिडीह जेल अधीक्षक के घर पर हमले की योजना बना रहे चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### एटीएस को मिल गई थी समय रहते सूचना



गिरिडीह जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साव बेखौफ हो चुका है। जेल में रहते हुए अमन ने गिरिडीह जेल की अधीक्षक हिमानी प्रिया के पूरे परिवार पर हमला करवाने की साजिश रच रहा है। एटीएस एसपी ऋषभ जाने बताया कि अमन गिरोह के एक्टिविटी को लेकर उसके कुछ गुर्गों के फोन सर्विलांस पर रखे गए थे। इसी दौरान यह जानकारी मिली कि अमन द्वारा हिमानी प्रिया के पूरे परिवार को निशाना बनाने का आदेश दिया गया है।

**गुमला, रांची, रामगढ़ में हुई रेड :** गिरिडीह जेल की अधीक्षक के परिवार पर हमले की सूचना मिलने के बाद जिला अपराधियों के द्वारा परिवार पर हमला किया जाना था। उनकी तलाश शुरू की गई। तलाश पूरी होने के बाद इन सभी को दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में गुमला से अमन के सबसे खास शूटर शिव शंकर उर्फ शिव को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद रांची के पंडरा से रोशन कुमार सिंह और रामगढ़ के पतरातू से अजय ठाकुर और अविनाश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार चारों अपराधी अमन के सारे पर किसी भी आपराधिक वारदात को अंजाम देने का माद्दा रखते हैं।

**हथियार की हो रही है खोज :** झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ जाने बताया कि अमन गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है इस साजिश में शामिल कई अन्य अपराधियों की तलाश की जा रही है। गिरिडीह जेल अधीक्षक हिमानी प्रिया के परिवार पर हमला करने के लिए हथियार भी इकट्ठा किए गए थे उन हथियारों की खोज भी एटीएस के द्वारा जारी है।

## खबर एक नजर में

### जमीन की लूट अब बर्दाश्त योग्य नहीं : नायक



**रांची।** आदिवासी मूलवासी समाज की जमीन की हो रही लूट को अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हेमंत सरकार धृतराष्ट्र न बने और संज्ञान ले नहीं तो जमीन दलालों को सेंद्रा कर दिया जायेगा। ये बातें शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा दुखद पहलू यह है कि सरकार इन भू-माफियाओं एवं जमीन को लूटने वाले असामाजिक तत्वों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। राज्य के सभी सीओ एवं राजस्व कर्मचारी तथा जमीन दलालो के निजी चल अचल संपति की जांच सेवानिवृत्ति न्यायाधीश एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की एक टीम बनाकर एसआईटी का गठन कर गहन रुप से जांच कराई जाए और भू-माफियाओं एवं सीओ पर विशेष निगाहें रखी जाए।

### आज से झारखंड प्रवास पर रहेंगे भाजपा नेता

**रांची।** प्रदेश भाजपा का सांगठनिक कार्यक्रम लगातार जारी है। इसी क्रम में 14 जुलाई को केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह सुबह 9 बजे सेवा विमान से रांची आयेंगे। शिवराज सिंह 11 बजे पूर्वाह्न खिजरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होकर संबोधित करेंगे। शिवराज सिंह 14 की शाम में ही वापस लौट जायेंगे। वहीं 16 जुलाई को असम के मुख्यमंत्री और विधानसभा सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा रांची आयेंगे और तोरपा और खूंटी विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे। फिर 17 जुलाई को संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह दोनों आयेंगे। डॉ वाजपेई जमशेदपुर आयेंगे और वहां के कार्यक्रम में शामिल होंगे, जबकि शिवराज हटिया विस क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### हेमंत सोरेन को मजबूत करें युवा : महताब अंसारी



**रांची।** झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड समिति नगड़ी की बैठक ललगुटवा तालाब स्थित एक ढाबा में की गयी। बैठक की अध्यक्षता नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की ने की। इसमें झामुमो रांची जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद के साथ झामुमो युवा मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सचिव सोनू मुंडा, उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, आरीज खान, अशोक मुंडा, संयुक्त सचिव महताब अंसारी, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, राखी देवी व सुकरमणी उपस्थित थीं। मौके पर महताब अंसारी ने कहा कि आज हम युवा को चाहिए कि हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत करें और आने वाले विधासभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करें।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस के विभिन्न विभागों एवं प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्षों की बैठक संपन्न

# कांग्रेस से जुड़े सभी विभागों के पदाधिकारी जनता की समस्याओं के निराकरण का प्रयास करें: राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के विभिन्न विभागों एवं प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्षों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। बैठक में अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, डाटा एनालिसिस विभाग के अध्यक्ष शामिल थे। राजेश ठाकुर ने सभी विभाग के अध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग समाज के अलग-अलग वर्गों से जुड़े हुए हैं। उनकी जिम्मेवारी है कि उस समाज की समस्याओं से रूबरू हों ताकि इसे उचित पटल पर रखकर उन समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक विभाग बैठक आयोजित कर समाज से जुड़े प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित कर उनका सुझाव ले और उसकी सूची बनाकर उसका निदान कर जनता के बीच ले जाने का काम करे। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा 10 वर्षों में अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग के खिलाफ जितने भी निर्णय लिये गए हैं उसे बिंदुवार और स्पष्ट रूप से जनता के बीच रखें ताकि जनता इनके कारनामों को भूल न सके। श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में मोदी जी और उनके सलाहकारों द्वारा सामाजिक विषमता को बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया गया लेकिन जनता इनके नब्ज को पहचान चुकी थी, जिसके कारण चुनाव में इन्हें मुंह की खानी पड़ी और इसका सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान को बदलने का मंसूबा पालने वाले संविधान हत्या दिवस मनाने की बात कर रहे हैं। यदि भारतीय लोकतंत्र में जनता के सहयोग से कांग्रेस ने संविधान की रक्षा न की होती तो आज मोदी जी प्रधानमंत्री की कुर्सी पर नहीं होते। उन्होंने कहा कि ज्यादा उचित होता कि संविधान की हत्या की बात करने से पहले भाजपा अपने पुरखों के कर्मों को देख लेती।



बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि अगर समाज में संतुलन रखना है तो हर वर्ग की समस्याओं को जानना और संविधान प्रदत अधिकार देना जरूरी है ताकि किसी के साथ भेदभाव ना हो। जलेश्वर महतो ने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़ों अल्पसंख्यकों आदिवासी अनुसूचित जाति के हक की आवाज हमेशा उठाई है, इसी कारण कांग्रेस जातिगत जनगणना कराने और जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी की आवाज को बुलंद कर रही है। समाज के प्रबुद्ध वर्ग द्वारा समस्याओं को सामने लाने से सामाजिक उत्थान की दिशा में कार्य किया जा सकता है।

शहजादा अनवर ने कहा कि झारखंड में अल्पसंख्यकों के विकास के लिए महागठबंधन की सरकार ने अनेकों काम किए हैं लेकिन लोगों के बीच उसे पहुंचना जरूरी है ताकि विधानसभा चुनाव में राज्य की गठबंधन सरकार को उसका लाभ मिल सके।

**भाजपा संविधान बदलने पर अभी भी कायम : राजेश ठाकुर**

राजेश ठाकुर ने कहा है कि भाजपा संविधान बदलने के अभियान पर अभी भी कायम है और इसके लिए दूसरे रास्ते की तलाश कर रही है। अपने इसी एजेंडे के तहत भाजपा ने संविधान हत्या दिवस का ऐलान किया है। भाजपा जानती है कि भारत के संविधान ने जितने हक और अधिकार दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और समाज के अन्य वर्गों को दिया है उसके कारण उनकी मनुवादी सोच परवान नहीं चढ़ पा रही है। संविधान को पिछले रास्ते से बदलाव करने की मंशा के कारण ही भाजपा आज चुनावों में मात खा रही है।

### जल संरक्षण को लेकर चलेगा अभियान



**रांची।** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने जलछाजन के तहत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर रांची, लोहरदगा सिमडेगा एवं गुमला जिला में संचालित परियोजनाओं की क्रियान्वयन एजेंसी के साथ बैठक की। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि जिले में इस वर्ष अपेक्षाकृत वर्षा कम हुई है इसलिए यहां जलछाजन के स्कीम की महत्ता बढ़ जाती है। जिलों में जल संरक्षण को लेकर हर स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पानी को व्यर्थ न बहाएं, पानी के व्यर्थ बहाव को रोकना सबकी जिम्मेदारी है। राजेश्वरी बी ने कहा कि जल छाजन कार्यक्रम का उद्देश्य है पर्यावरण में सही संतुलन को स्थापित करना, मिट्टी के कटाव को रोकना, प्राकृतिक वनस्पतियों को पुनर्जीवित करना, वर्षा जल का संरक्षण कर भूजल को बढ़ावा देना, मिश्रित खेती तथा खेती की नई तकनीकों को बढ़ावा देना व टिकाऊ जीविकोपार्जन पद्धति को बढ़ावा देना है। बैठक में पीपीटी के माध्यम से जलछाजन को लेकर आवश्यकताओं के अलावे जल संकट की स्थिति और आम आदमी की पहल के साथ जल संरक्षण के उपाय की जानकारी दी गई।

**खबर एक नजर में**

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत गोवा भेजे गये 820 ईसाई धर्मावलंबी

**रांची।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हटिया स्टेशन से गोवा के लिए पर्यटक स्पेशल ट्रेन खुली। राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन से झारखंड के 820 ईसाई धर्मावलंबियों को गोवा की यात्रा पर भेजा गया है। इसमें रांची के 77 धर्मावलंबी भी शामिल हैं। इस अवसर पर पर्यटन विभाग के निदेशक और अधिकारी मौजूद थे। बताते चलें कि झाखंड मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बीपीएल श्रेणी के लाभुक तीर्थयात्रियों को तीर्थ दर्शन कराया जा रहा है।

## झारखंड स्वास्थ्य मिशन ने लगाया जांच कैंप



**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य मिशन ने शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में सभी छात्र छात्राओं एवं कर्मचारियों का नि:शुल्क नेत्र जांच और दांतों की जांच की गयी। इस कार्यक्रम को सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी,कांके रोड स्थित वी केयर डेंटल क्लिनिक के डायरेक्टर डॉ. राज वर्धन, डॉ. स्वाति सिन्हा, डॉ. सपना सिंह, डॉ. श्रेया सेन, सत्यम कुमार, प्रिया कुमारी, सेंटर फॉर साईट आई हॉस्पिटल के राजकुमार यादव, कविता शास्त्री, दिलीप राम एवं वेंचर स्किल प्रा. लि. के डायरेक्टर राजीव कुमार सिंह, सेंटर मैनेजर प्रिंस कुमार इत्यादि का सहयोग रहा।

## रीजन-4 की सर्वश्रेष्ठ संस्था बनी जेसीआई रांची यूथ



**रांची।** जेसीआई रांची यूथ को रीजन 4 में सर्वश्रेष्ठ संस्था का सम्मान मिला है। पीलीभीत मे आयोजित जेसीआई संगठन के मंडल तीन के अर्धवार्षिक सम्मेलन मे यह सम्मान दिया गया है। मौके जेसीआई रांची यूथ की सोनल अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के लिए अवार्ड मिला। संस्था की अध्यक्ष ने कहा कि पीलीभीत में मिडकॉन पर सम्मानित होने पर मुझे गर्व महसूस हो रहा कि मैं जेसीआई राँची यूथ की सदस्य हूँ। उन्होंने जेसीआई राँची यूथ के सदस्यों को उनके समर्थन और सहयोग के लिए आभार जताया।

## जेइपीसी का पत्र छलावा, मोर्चा करेगा विरोध

**रांची।** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का आपातकालीन गुगल मिट किया गया और कहा गया कि परियोजना निदेशक द्वारा निर्गत पत्र एक छलावा है। कल्याण कोष एवं बीमा के लिए अभी तक सात बैठकें की गई है। यह बैठक तभी की जाती है, जब हमलोग आंदोलन की शुरूआत करते हैं। पांच-छह माह पहले की बैठक प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा की अध्यक्षता में हुई थी। इसमें सभी ने साफ-साफ कहा था कि आज के बाद फिर कभी कल्याण कोष और बीमा के नाम पर बैठक नहीं होना चाहिए। उस बैठक में बैंक औफ इंडिया और स्टेट बैंक के पदाधिकारी उपस्थित थे। तय हुआ था कि बीमा के लिए सहायक अध्यापक सहित सीआरपी और कस्तूरबा गांधी के लोगों को अपने पैसे नहीं देने हैं। दस करोड़ जो विभाग में कल्याण कोष में जमा है, उसी के ब्याज की राशि से मृत और सेवा निवृत्त लोंगो को कुछ राशि दी जाएगी और शेष राशि से सबका बीमा किया जाएगा। लेकिन हर बार की भांति यह भी बैठक का फला फल शुन्य रहा।

## जेसीएम चलायेगा सदस्यता अभियान



**रांची।** झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय टीम की एक बैठक शनिवार को हुई। बैठक में कालेजों में नए सदस्य बनाने को लेकर सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसकी शुरूआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वद्यालय से की जाएगी। बैठक में अध्यक्ष अमन तिवारी ने कहा छात्रों को पार्टी के अध्यक्ष गुरुजी शिबू सोरेन के संघर्षों एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विकास कार्यों से छात्रों को प्रेरित करते हुए छात्रों को पार्टी से जोड़ कर पार्टी को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मजबूत करना है। मौजूदा सरकार ने जिस प्रकार छात्र युवाओं को नियुक्ति पत्र बांट कर नियोजन से जोड़ रही है, उससे राज्य के छात्र युवाओं की पार्टी के प्रति सकारात्मकता बढ़ी है। मौके पर अमन तिवारी, असद फेराज टिंकू, इरफान खान, भास्कर महतो, अतिकुर रहमान, मनीष राणा, कासिफ रजा, गुलाफसा शानी उपस्थित थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना दादा-दादी दिवस




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में सभी दादा-दादी के प्रति प्यार और आभार व्यक्त करने के लिए दादा-दादी दिवस वात्सल्यम हर्षोल्लास के साथ शनिवार को मनाया गया। ग्लोबल वार्मिंग के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु आयोजित अर्थ क्रूसेडर्स कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के बाद स्वागत गीत और स्वागत नृत्य के साथ हुई। हेड गर्ल द्वारा 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। छात्रों ने शहरीकरण, वनों की कटाई, ग्रामीण विकास, ग्लोबल वार्मिंग के परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, पर्यावरणीय खतरों को दूर करने और एक स्थायी भविष्य के लिए एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने धरती की रक्षा करने की रणनीतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी संदेश दिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से दादा-दादी और बच्चों के बीच के रिश्ते को संजोया गया। प्राचार्या परमजीत कौर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी दादा-दादी और माता-पिता का आभार व्यक्त किया।

## उमंग सावन मेला सह प्रदर्शनी 18 जुलाई से



**रांची।** उमंग सावन मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन महेश्वरी भवन में 18 जुलाई से किया जाएगा। यह जानकारी संगीता चितलांगिया, सुमन चितलांगिया, रेनू फलोर एवं शशि डागा ने दी। बताया कि यह एग्जिबिशन स्टाल धारक एवं ग्राहकों के डिमांड पर आयोजित किया जा रहा है। प्रदर्शनी में रियल गोल्ड डायमंड, पोलकी ज्वेलरी, सिल्क, बनारसी साड़ियां, डिजाइनर गाउन सूट, राखी, बेड कवर, बेडशीट, बैग, हस्त शिल्प द्वारा निर्मित सामान, लड्डू गोपाल की पोशाकें, बंदरवार, फुटवियर, बच्चों के लिए गिफ्ट्स एवं उनके क्राफ्ट्स से जुड़े सामान, राजस्थानी मुखवास जैसे कोई तरह के स्टाल्स होंगे। इस तीन दिवसीय प्रर्दशनी में झारखण्ड, सूरत, कोलकाता, जयपुर, बनारस ओड़िसा, बेंगलुरु के उद्यमिय भाग लेंगे। मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष शिव शंकर साबू, उपाध्यक्ष गोवर्धन भाला, सचिव नरेंद्र लखोटिया, विनीता चितलांगिया, रश्मि मालपानी, खुशबू साबू, पूनम राठी, रितिका लखोटिया, रितिका शारदा मौजूद थी।

# हिंदपिढ़ी इमाम बख्श अखाड़ा के इमामबाड़ा में खड़ा किया निशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। **मुहर्रम की पांचवीं तारीख** को परंपरागत रीति रिवाज के अनुसार हिंदपिढ़ी सेंट्रल स्ट्रीट स्थित इमाम बख्श अखाड़ा के इमामबाड़ा में प्रमुख खलीफा मो. सईद की सरपरस्ती व मो. महजूद खलीफा के संयुक्त नेतृत्व में नेयाज फातेहा के बाद निशान खड़ा किया गया। इमाम बक्श अखाड़ा के इमामबाड़े में रस्मे पगड़ी सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माझी, पुलिस उप महा निरीक्षक कार्मिक जनाब नौशाद आलम, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, सिटी एसपी रांची राजकुमार मेहता, एसडीएम रांची उत्कर्ष कुमार, एडीएम विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, डीएसपी कोतवाली प्रकाश सोय के साथ साथ हिंदपिढ़ी रांची सहित अनेक थाना प्रभारी को पगड़ी बांधकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्री महावीर मंडल रांची के जयसिंह यादव, दीपक ओझा, अशोक यादव सहित सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष जावेद गद्दी, महासचिव अकीलुर्रहमान, प्रवक्ता मो. इसलाम, उपाध्यक्ष आफताब आलम, मौलाना तहजीबुल हसन सहित सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अनेक गणमान्य पदाधिकारी के साथ-साथ इमाम बख्श अखाड़ा के अधीन आने वाले तमाम खलीफा एवं पदाधिकारीगण भी सम्मानित किए गए।

**धवताल अखाड़ा में भी निशान खड़ा किया गया:** धवताल अखाड़ा के इमामबाड़ा में प्रमुख खलीफा जमशेद अली पप्पू गद्दी के नेतृत्व में निशान खड़ा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शमशेर आलम उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग झारखंड, राज्य सभा सांसद महुआ माझी, उपायुक्त रांची एवं सिटी एसपी रांची, समाजसेवी जीतेन्द्र सिंह कार्यक्रम में भाग लिया। उन्हें सम्मानित किया गया। महुआ माझी एवं समशेर आलम ने आपसी सौहार्द के साथ मुहर्रम निकालने की बात कही साथ ही साथ यह भी कहा कि राज्य सरकार मुहर्रम के जुलूस की सफलता के लिए सरकारी स्तर पर पूर्ण सहयोग करेगी। उपायुक्त रांची ने भी प्रशासनिक स्तर पर पूर्ण सहयोग देने की बात कही। मौके पर जयसिंह यादव, अकीलुर्रहमान, जावेद गद्दी, साहेब अली, रोजन गद्दी, इबरार गद्दी,जमील गद्दी, मंसूर गद्दी, गुलजार गद्दी, मासूम गद्दी, महबूब आलम, फनी गद्दी सहित धवताल अखाड़ा के अधीन आने वाले अनेक खलीफा एवं पदाधिकारी सम्मानित किए गए।

**चीन के साइबर अपराधी कर रहे इकॉनामिक क्राइम**

## नेवी ऑफिसर से ₹96 लाख की ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

### आरोपी दिनेश मंडल पश्चिम बंगाल के चौबीस परगना का निवासी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नेवी ऑफिसर से 96 लाख की साइबर ठगी मामले में सीआईडी ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिनेश मंडल पश्चिम बंगाल के चौबीस परगना का निवासी है। इससे पहले सीआईडी इस मामले में महाराष्ट्र के ठाणे स्थित भाइंदर थाना क्षेत्र के मनीराम निवासी पाल प्रदीप मनीराम, पश्चिम बंगाल के कोलकाता साल्ट लेक थाना क्षेत्र के अजय कुमार और रांची से एक महिला को गिरफ्तार किया था।

**तीन मई को नेवी अधिकारी ने दर्ज कराया था मामला** : नेवी अधिकारी संजीव कुमार ने तीन मई को साइबर अपराध थाने में लिखित शिकायत कर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि साइबर अपराधियों ने व्हाट्स ऐप के माध्यम से उनसे संपर्क किया था। इसके बाद व्हाट्स एप पर ही एक लिंक के माध्यम से निवेश करते हुए मूल राशि का 10 गुणा करने का प्रलोभन दिया। साइबर ठगों के झासे में फंस कर नेवी अधिकारी 96.2 लाख रुपये का अवैध ट्रांजेक्शन करवा दिया था।

**जालसाजी के तार चीन, जापान और हांगकांग से जुड़े** : दर्ज प्राथमिकी के बाद साइबर अपराध थाने की पुलिस ने व्हाट्स ऐप चैट और लिंक की छानबीन शुरू की। जांच में पता चला कि कांड में प्रयुक्त फर्जी इंवेस्टमेंट वेबसाइट का आइपी एड्रेस अलीबाबा क्लाउड चीन का पाया गया। इसी तरह वित्तीय हस्तांतरण विश्लेषण में कांड में प्रयुक्त कॉरपोरेट बैंक खाते के ट्रांजेक्शन के आइपी का सर्वर जापान, हांगकांग व चीन में पाया गया।

## ऑटो चालक बन रह रहा था अपराधी चाऊमिन दुकानदार ने कर दी हत्या

### उधार चुकता नहीं करने की वजह से हुई हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बीच राजधानी में एक युवक की चापड़ से मारकर हत्या कर दी गयी। हत्या की वजह आपसी विवाद बताया गया है, लेकिन, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस युवक की हत्या हुई, वह दुकानदार से उधार लेने का आदी था। कई बार उसे उधार चुकाने के लिये कहा गया। इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ और गुस्से में आकर चापड़ से गर्दन पर वार कर दिया। जिससे घटनास्थल पर राजू ठाकुर नामक युवक की हत्या की दी।

सरेशाम रजिस्ट्री ऑफिस के समीप हत्या होने के बाद से वहां पर हड़कंप मच गयी। मौके पर लालपुर पुलिस और मोरहाबादी टीओपी पुलिस वारदात स्थल पर पहुंची। लोगों ने बताया कि आपसी विवाद को लेकर नेपाली नाम के एक युवक से राजू ठाकुर की जमकर मारपीट हुई। जिसके बाद नेपाली ने चापड़ से राजू ठाकुर के गले पर वार कर दिया। लालपुर थाना प्रभारी ने बताया कि राजू ठाकुर जेल से निकलने के बाद ऑटो चलाता था।

## हटिया कामगार यूनियन ने सीएम हेमंत के एचइसी को राज्य सरकार को सौंपने वाले बयान का किया स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 12 जुलाई को धुर्वा के प्रभात तारा मैदान मे आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में एचईसी को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर एचईसी को केंद्र सरकार नहीं चलाना चाहती है तो इसे राज्य सरकार को सौंप दे। राज्य सरकार इसे चलायेगी और लोगों को रोजगार देकर दिखायेगी। मुख्यमंत्री के इस ऐलान का हटिया कामगार यूनियन के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने स्वागत किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस घोषणा को अमल करने के लिए मुख्यमंत्री जी को खुद पहल करानी होगी। क्योंकि केंद्र सरकार घोषणा मात्र से ही एचईसी को चलाने का जिम्मा राज्य सरकार को नहीं सौंपेगी। मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री से बात करनी चाहिए। जैसा दूसरे राज्यों जैसे ओड़िशा के निवर्तमान मुख्यमंत्री व केरल के मुख्यमंत्री ने भी अपने-अपने राज्यों मे बंद हो रहे केंद्र सरकार के प्रतिष्ठानों को राज्य के अधीन चलाना शुरू किया।

**एचईसी को अपने अधीन लेकर चलाने की योजना पर पहल करे सरकार** : लालदेव सिंह ने कहा कि अगर झारखंड के मुख्यमंत्री केवल बयान देकर चुप रह जाते हैं तो एचईसी को चलाने की बात को केवल राजनैतिक बयान माना जायेगा। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से केंद्र सरकार एचईसी के बारे में कहती आ रही है कि केंद्र एचईसी को चलाने में आर्थिक मदद नहीं करेगी। यही कारण है कि कार्यशील पूंजी और 75 साल पुरानी मशीन के बदले नयी मशीन के लिए एचईसी को पैसे की जरुरत है। अगर राज्य सरकार चाहे तो एचईसी की जमीन को अपने उपयोग में लाकर एचईसी के लिए कार्यशील पूंजी मुहैया कराने के साथ-साथ एचईसी का आधुनिकीकरण करने के लिये पैसे जुटा सकती है। उन्होंने झारखंड सरकार में शामिल इंडिया गठबंधन के अन्य राजनैतिक दलों से भी अपील करते हुए कहा कि झारखंड सरकार मुख्यमंत्री द्वारा दिए गये वक्तव्यों के अनुसार एचईसी को अपने अधीन में लेकर चलाने की योजना पर पहल करे। ताकि यहां के काम करने वाले कर्मचारियों को नौकरी बचाने के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सके।

## अमन साहू गैंग ने रायपुर में कोयला कारोबारी पर की फायरिंग, तस्वीर जारी

### गोली चालन के बाद अमन साहू गैंग के गुर्गे की तस्वीर वायरल

रांची। झारखंड का कुख्यात अमन साहू गैंग के गुर्गो ने रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में कोयला व्यवसायी प्रहलाद राय अग्रवाल पर फायरिंग की। अपराधियों ने घटना को अंजाम शनिवार की सुबह 11 बजे दी। अमन साहू गैंग के गुर्गो की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई है।

**बाइक सवार शूटरों ने की हवाई फायरिंग** : इस घटना के बारे में रायपुर एएसपी सिटी लखन पटेल ने बताया कि रायपुर के थाना तेलीबांधा अंतर्गत पचपेड़ीनाका से तेलीबांधा के बीच सर्विस रोड में एक कारोबारी के ऑफिस के सामने दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति हवाई फायर करते हुए दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि इससे पहले रायपुर पुलिस ने इसी प्रकार के झारखंड के एक गैंग को रायपुर में घटना को अंजाम देने से पूर्व पकड़ा था।

## हटिया डैम में डूबे नाबालिग लड़के का शव बरामद, परिजनों को सौंपा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित हटिया डैम में शुक्रवार को नहाने के दौरान डूबे नाबालिग लड़के का शव बरामद किया गया। एनडीआरएफ की टीम ने एक दिन बाद शनिवार को अंजन केरकेप्ता का शव खोजकर बाहर निकाला। अंजन हटिया दसमाइल निवासी दानकुमार केरकेट्टा का बेटा है। पुलिस के अनुसार, अंजन केरकेट्टा अपने भाई अंकुर केरकेट्टा के साथ साइकिल से धुर्वा कोचिंग करने आया था और डैम की ओर घूमने चला गया। घूमने के बाद दोनों भाई डैम में नहाने उतर गये। अंजन गहरे पानी में चला गया। अंकुर के शोर मचाने पर जब तक लोग मदद के लिए पहुंचते, तब तक अंजन पानी में डूब चुका था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना धुर्वा और नगड़ी थाने को दी। नगड़ी पुलिस ने आसपास के गोताखोरों को बुलाया और खोजबीन शुरू करवायी। लेकिन वे अंजन को खोज नहीं पाये। शनिवार को एनडीआरएफ की टीम ने आकर शव निकाला।

गौरतलब हो कि इससे पूर्व 11 मई को धुर्वा निवासी दो नाबालिग छात्र और आपस में चचेरे भाई आर्य शर्मा और प्रशांत शर्मा की धुर्वा डैम में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गयी थी। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

## जिस दुकान पर चाय पी रहा था वेद प्रकाश, उसी दुकान के मालिक के रिश्तेदार ने मारी गोली

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित धुर्वा बस स्टैंड में पूर्व पार्षद वेद प्रकाश को धीरज नामक अपराधी ने गोली मारी थी। गोली मारने के पीछे पांच साल पुरानी आपराधिक रंजिश सामने आ रही है। धीरज चाय दुकान वाले का रिश्तेदार है। पांच साल पुराने विवाद को लेकर वेद प्रकाश को गोली मारी गयी। पुलिस जांच में बात सामने आ रही है।

बताया गया कि धीरज नाम के व्यक्ति से वेद प्रकाश का पांच साल पहले विवाद हुआ था। जिसके बाद धीरज जेल चला गया। हाल के दिनों में वह जेल से बाहर आया था। जिसके बाद से वह वेद प्रकाश की हर गतिविधि पर नजर रख रहा था। मौका मिलते ही धीरज को शूटर ने वेद प्रकाश को गोली मार दी। गोली लगने के बाद वेद प्रकाश की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पारस अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी हुई है।

## तरन्नुम संगीत संस्थान ने जगन्नाथ महोत्सव 2024 का किया आगाज

### दमा दम मस्त कलंदर...... पर मृणालिनी ने दर्शकों को झूमाया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जगन्नाथ महोत्सव 2024 में कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से शनिवार को से 17 जुलाई तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसका शुभारंभ शनिवार को तरन्नुम संगीत संस्थान की ओर से किया गया। संस्थान की निदेशक डॉ मृणालिनी अखौरी तथा उनकी टीम ने तरन्नुम संगीत संस्थान द्वारा गीत और भजनों का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सबसे पहले भजन- ओम नमः शिवाय, तीन शब्द में सृष्टि सारी समाये.....भगवान शंकर के भजन का लोगों ने खूब आनंद लिया। उसके बाद प्रभु श्री राम का भजन- सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं....को लोगों ने खूब सराहा। अंत में डॉ मृणालिनी अखौरी ने सूफी गीत - दमा दम मस्त कलंदर...... गाकर दर्शकों को खूब झुमाया। कार्यक्रम के बाद कला संस्कृति विभाग की ओर से डॉक्टर मृणालिनी अखौरी मोमेंट तो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तबले पर संजीव कुमार पाठक, गिटार पर शांतनु मुखर्जी, ऑक्टोपैड पर विवेक सोनी और कीबोर्ड पर योगेंद्र कुमार ने डॉक्टर मृणालिनी अखौरी के साथ संगत किया। कार्यक्रम विभाग के निदेशक आशिफ एकराम अधिकारी विवेक कुमार, सौरभ कुमार, मानपुर नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी, महावीर नायक आदि उपस्थित थे।

## कॉलेजों में नमांकन को लेकर एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल आमिर हाशमी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मिला और समस्या संबंधी ज्ञापन सौंपा। मुलकात के क्रम में जिला अध्यक्ष अमन अहमद ने बताया कि रांची विश्विद्यालय प्रशासन द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश की अहवेलना की जा रही है। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी रांची विवि के 12 अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट में नामांकन दाखिला प्रक्रिया शुरू नहीं की गयी है। उन्होंने इस मामले पर पहल करने का आग्रह किया। मौके पर आरुषि वंदना, हुसैन अंसारी, पवन कुमार, इकबाल अख्तर, अंकिता शेखर, प्रिंस राज, सहबान अंसारी, शम्स बिलाल आदि मौजूद थे।

## निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में हैंडराइटिंग कंपटीशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल एदलहातु में शनिवार को छात्रों के बीच हैंडराईटिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस कंपटीशन में कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा नर्सरी बी की छात्रा सृष्टि उरांव और अंकुश कुमार चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा केजी की सृष्टि कुमारी ने द्वितीय स्थान एवं स्मिथ मुंडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग से कक्षा एक की छात्रा जीवा चार्ली और क्लास तीन से जीनत परवीन प्रथम स्थान पर, वहीं, कक्षा तीन की राधिका कुमारी और कक्षा सात की अंजलि राय दूसरे स्थान पर, कक्षा नौ की अदिति कुमारी को तीसरा स्थान प्रप्त हुआ है।

स्कूल की सचिव सीमा शर्मा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया और स्कूल के प्रिंसिपल विजय कुमार शर्मा ने बच्चों को बधाई दी। वहीं मौके पर मौजूद शिक्षक किरण कुमारी, अनिमा एक्का, गीता शर्मा, सुधीर कुमार, पंकज कुमार ,अनामिका छेत्री, मोनी बाला आदि शिक्षकों ने बच्चों को उनकी मेहनत और उत्कृष्टता के लिए प्रशंसा दी।

**मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मंत्री से मिला पीडीएस डीलरों का डेलिगेशन, मंत्री का मिला आश्वासन**

# 60 साल के बाद भी पीडीएस सिस्टम में अनुकंपा पर मिले दुकान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार को फयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संगठन के प्रतिनिधि वरीय उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद, प्रदेश महासचिव संजय कुंडू ने खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर जन वितरण प्रणाली विक्रेता परिजनों को अनुकंपा पर दुकान आवंटन की मांग की। मंत्री ने इस पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 60 साल उम्र के बाद जन वितरण प्रणाली विक्रेता के मृत्यु के पश्चात परिजनों को इसके लाइसेंस से वंचित कर दिया जाता है। मंत्री को बताया गया कि जन वितरण प्रणाली विक्रेता पर उनका परिवार निर्भर रहता है और उनके मृत्यु हो जाने पर घर की आर्थिक हालत काफी खराब हो जाती है। इसलिए जो डीलर हैं, उनकी मृत्यु पश्चात घर के परिवार के एक सदस्य को दुकान का अनुज्ञप्ति देने की नियमावली बनाई जाये। मौके पर फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन झारखंड प्रदेश के वरीय उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद एवं महासचिव संजय कुंडू ने जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की अन्य समस्याओं की समाधान की मांग की गई है।

मौके पर बन्ना गुप्ता को तीसरी बार मंत्री बनने पर गुलदस्ता देखकर शुभकामना व्यक्त की गई। इस दौरान राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, रवि गुप्ता, डॉन दीनानाथ प्रसाद, संगठन के तरफ, सुरेश प्रसाद, संजय कुंडू, ओबीसी मोर्चा रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष तपेश्वर गोप, विवेक कुमार, प्रवीण कुमार आदि उपस्थित थे।

# जायसवाल-शुभमन के तूफान में उड़ा जिम्बाब्वे

## भारत ने चौथा टी-20 मैच10 विकेट से जीता, सीरीज पर किया कब्जा

- गिल और यशस्वी के बीच हुई 156 रनों की साझेदारी
- भारत ने 3-1 से सीरीज में बनाई अजेय बढ़त

**एजेंसी**

**हरारे।** यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल की दमदार बैटिंग से भारत ने जिम्बाब्वे को चौथे टी20 मैच में 10 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने शुभमन की कप्तानी में 3-1 से सीरीज में अजेय बढ़त बना ली है। हरारे के स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर खेले गए इस मैच में टीम इंडिया ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बैटिंग करते हुए जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा के 46 रनों की पारी से निर्धारित 20 ओवर के खेल में 7 विकेट नुकसान पर 152 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने यशस्वी और गिल की बेहतरीन खेल से मैच को सिर्फ 15.2 ओवर में ही अपने नाम कर लिया। जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 क्रिकेट में यह दूसरी बार था जब टीम इंडिया ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 विकेट से मैच को अपने नाम किया। इससे पहले साल 2016 में 100 रन के लक्ष्य को 10 विकेट रहते भारत ने हासिल किया था। टीम इंडिया के लिए यशस्वी जायसवाल टी20 इंटरनेशनल में अपना 5वां अर्धशतक लगाया। उन्होंने अपनी नाबाद 93 रनों की पारी में 53 गेंद का सामना किया, जिसमें 13 चौके और 2 छक्के भी लगाए। यशस्वी के अलावा कप्तान शुभमन गिल ने भी सिर्फ 35 गेंद में अपना पचासा पूरा किया। शुभमन गिल अंत तक नाबाद रहे। अपनी इस पारी में उन्होंने 39 गेंद में 58 रन बनाए जिसमें 6 चौके और 2 सिक्स भी कहा।

### जिम्बाब्वे के गेंदबाजों नहीं ले पाये कोई विकेट

भारत के खिलाफ चौथे टी20 मैच में जिम्बाब्वे के गेंदबाजों की हालत खराब रही। मैच में कोई भी बॉलर टीम इंडिया के ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल को परेशानी में नहीं डाल पाए। दोनों बल्लेबाजों ने हर दिशा में आसानी से शॉट लगाए। यही कारण है भारतीय टीम ने 28 गेंद रहते ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिम्बाब्वे की तरफ से सबसे ज्यादा महंगे फराज अकरम रहे। उन्होंने चार में 41 रन दिए जबकि एक भी विकेट उन्हें नहीं मिल पाया। इसके अलावा शानदार फॉर्म में चल रहे कप्तान सिकंदर रजा भी दो ओवर में 24 रन लुटाकर खाली हाथ ही रहे। इस तरह मैच में भारतीय ओपनर जिम्बाब्वे के गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे।



### फ्लॉप रही जिम्बाब्वे की टीम

भारत के खिलाफ चौथे टी20 मैच में मेजबान जिम्बाब्वे की बैटिंग भी बहुत साधारण रही। कप्तान सिकंदर रजा को छोड़कर और कोई भी खिलाड़ी अपना कमाल नहीं दिखा सके। सिकंदर रजा ने मैच में 46 रन बनाए। इसके अलावा तदिवानाशे मरुमणि ने 32 रनों का योगदान दिया जबकि वेसली मधेवेरे ने 25 रन बनाए। जिम्बाब्वे की पारी में टीम इंडिया की तरफ से बॉलिंग में सबसे अधिक खलील अहमद के खाते में दो विकेट आया जबकि तुषार देशपांडे, वॉशिंगटन सुंदर, अभिषेक शर्मा और शिवम दुबे को एक-एक सफलता मिली।

**जिम्बाब्वे 152/7 (20ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| मधेवीरे कै. रिंकू बो. शिवम | 25 | 24 | 04 | 00 |
| मरूमानी कै. रिंकू बो. अभिषेक | 32 | 31 | 03 | 00 |
| बेनेट कै जयसवाल बो. सुंदर | 09 | 14 | 00 | 00 |
| रजा कै. गिल बो. देशपांडे | 46 | 28 | 02 | 03 |
| कैंपबेल रन आउट | 03 | 03 | 00 | 00 |
| मायर्स कै. एंड बो. खलील | 12 | 13 | 00 | 00 |
| मद्दांडे कै. रिंकू बो. खलील | 07 | 05 | 01 | 00 |
| फराज अकरम नाबाद | 04 | 03 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 14

**विकेट पतन** : 63-1, 67-2, 92-3, 96-4, 141-5, 147-6, 152-7.

**गेंदबाज** : खलील अहमद : 4-0-32-2, तुषार देशपांडे : 3-0-30-1, रवि बिश्नोई : 4-0-22-0, वॉशिंगटन सुंदर : 4-0-32-1, अभिषेक शर्मा : 3-0 20-1, शिवम दुबे : 2-0-11-1.

**भारत 150/00 (15.2 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जयसवाल नाबाद | 93 | 53 | 13 | 02 |
| शुभमन गिल नाबाद | 58 | 39 | 06 | 02 |

**अतिरिक्त** : 05

**विकेट पतन** :00.

**गेंदबाज** : रिचर्ड नगरवा : 3-0-27-0, ब्लेसिंग मुजराबानी : 3.2-0-25-0, टेंडाई चटारा : 2-0-23 0, फराज अकरम : 4-0-41-0, सिकंदर रजा : 2-0-24-0, ब्रायन जॉन बेनेट : 1-0-16-0.

## विंबलडन नयी रानी बारबोरा क्रेजीकोवा



**नयी दिल्ली।** बारबोरा क्रेजिकोवा ने शनिवार को फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 2-6, 6-4 से हराकर वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन 2024 में महिला एकल का खिताब जीता। क्रेजिकोवा ओपन एरा में विंबलडन में महिला खिताब जीतने वाली चेक गणराज्य की चौथी खिलाड़ी हैं। उनसे पहले उनकी एक समय की मेंटर याना नोवोत्ना, पेट्रा क्वितोवा और पिछले साल की चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा यह खिताब जीत चुकी हैं। क्रेजिकोवा अब एकल और युगल दोनों में विंबलडन चैंपियन बन गई हैं। पाओलिनी के पास सिंगल्स मेजर जीतने वाली पहली इतालवी पुरुष या महिला बनने का मौका था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस साल की शुरूआत में पाओलिनी को फ्रेंच ओपन के फाइनल में दुनिया की नंबर एक इगा स्वियाटेक से हार मिली थी। ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलने के लिए उतरी थीं।

## अनाहत, टियाना जूनियर स्क्वैश के तीसरे दौर में

**ह्यूस्टन।** भारत की अनाहत सिंह और उनकी हमवतन टियाना पारसरामपुरिया विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में में जीत दर्ज करते हुए लड़कियों के वर्ग में तीसरे दौर में पहुंच गईं है। शुक्रवार रात ह्यूस्टन में खेले गये मुकाबले में 16 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने दक्षिण अफ्रीका की डेने वान जिल को 11-3, 11-2, 11-6 से हराया। अगले दौर में अनाहत का मुकाबला अमेरिका की सामंथा जाफी से होगा। पहले दौर में अनाहत को बाय मिला था।

## राइफल शूटिंग में आस्था को गोल्ड मेडल



**रांची।** 14वां झारखंड राज्य राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में रांची स्थित डीएवी हेहल की छात्रा आस्था सिंह को गोल्ड मेडल मिला है। राइफल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन 7 जुलाई से 10 जुलाई तक देवघर में किया गया था। झारखंड राज्य राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में आस्था सिंह ने 25 मीटर .22 ओपन साइड राइफल (महिला) में पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल करने में सफल रही है। आस्था सिंह कक्षा दसवीं की छात्र हैं। वह रांची एकलव्य राइफल शूटिंग क्लब से जुड़ी हुई है। इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन से इसके प्रशिक्षक गोविंद कुमार समेत उनकी माता-पिता और परिवार के सभी सदस्यों में खुशी की लहर है। बतातें चलें कि इस प्रतियोगिता का आयोजन देवघर स्थित देवघर कॉलेज कैंपस में हुआ था।

# भारत के श्रीलंका दौरे का शेड्यूल बदला

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम फिलहाल पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे के दौरे पर है। इसके बाद टीम इंडिया को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 और इतने ही मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। मुख्य कोच बनने के बाद गौतम गंभीर का यह पहला दौरा होगा। हाल ही में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने उनके मुख्य कोच बनाए जाने का एलान किया था। दरअसल, टी20 विश्व कप 2024 के बाद बतौर मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया था। अब टीम इंडिया नए कोच के निर्देशन में खेलती नजर आएगी।

### भारत के श्रीलंका दौरे का पूरा कार्यक्रम

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस दौरे के शेड्यूल में बदलाव किया है। दरअसल, टी20 सीरीज की शुरूआत 26 जुलाई से होनी थी। हालांकि, अब बीसीसीआइ ने जानकारी दी है कि पहला मुकाबला 27 जुलाई को खेला जाएगा। भारतीय टीम इस दौरे के लिए 20 तारीख के बाद रवाना हो सकती है। हालांकि, बीसीसीआइ की तरफ से अब तक इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। तीन मैचों की टी20 सीरीज की शुरूआत 27 जुलाई से होगी। दूसरा 28 और तीसरा मुकाबला 30 जुलाई को खेला जाएगा। वहीं, वनडे सीरीज का आगाज दो अगस्त से होगा, जिसका दूसरा और तीसरा मुकाबला क्रमशः चार और सात अगस्त को खेला जाएगा।

### कौन होगा कप्तान?

टी20 विश्व कप 2024 में भारत की जीत के बाद रोहित शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। इसके अलावा विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने भी इस प्रारूप से संन्यास ले लिया। अब सवाल यह उठता है कि हिटमैन की जगह श्रीलंका के दौरे पर किसे टीम की कप्तानी सौंपी जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हार्दिक पांड्या और केएल राहुल इस सीरीज के लिए कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे हैं। हालांकि, बीसीसीआई की तरफ से इसको लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए आराम दिया जा सकता है।

## दिल्ली ने पोंटिग को हेड कोच पद से हटाया

**नयी दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने 7 साल बाद मुख्य कोच रिकी पोंटिंग से अलग होने का फैसला किया है क्योंकि उनकी मौजूदगी में फ्रेंचाइजी इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) में अपने खिताबी सूखे को खत्म करने में नाकाम रही है। टीम से जुड़े एक सूत्रों ने यह जानकारी दी.ऑस्ट्रेलिया के दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान पोंटिंग 2019 में टीम के मुख्य कोच बने थे। उनकी देखरेख में टीम 2021 में पहली बार फाइनल में पहुंचने में सफल रही लेकिन इसके बाद उसके प्रदर्शन में गिरावट दर्ज की गयी।

## यूरो कप 2024 के फाइनल के लिए स्पेन और इंग्लैंड तैयार




**बर्लिन।** फुटबॉल में यूइएफए यूरो कप 2024 टूनामेंट अपने रोमांचक दौर पर पहुंचने वाला है जहां स्पेन और इंग्लैंड एक यादगार फाइनल में खिताबी जंग के लिए पूरी तरह से तैयार है। यूरो कप 2024 अपने अंतिम मुकाबले के लिए तैयार है। स्पेन महाद्वीपीय चैंपियनशिप में रिकॉर्ड चौथा खिताब जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहा है, जबकि इंग्लैंड लगातार दूसरे यूरो फाइनल में खेलेगा। सेमीफाइनल में स्पेन ने फ्रांस को हराकर 2-1 से जीत दर्ज की, जबकि इंग्लैंड ने नीदरलैंड को इसी स्कोरलाइन से हराया।

## ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स की मेंटॉर होंगी गोस्वामी

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को विमेंस कैरिबियाई प्रीमियर लीग 2024 में ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने अपना मेंटॉर नियुक्त किया है। नाइट राइडर्स की ओर साझे किए गए बयान में गोस्वामी के हवाले से कहा गया है, मेरे लिए इस फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनना गर्व की बात है। नाइट राइडर्स ने भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मैं इस टूनामेंट में उनका हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्सुक हूं। मुझे मेंटॉर की भूमिका देने के लिए नाइट राइडर्स का धन्यवाद।

# मुसेट्टी को हराकर फाइनल में पहुंचे जोकोविच

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच का वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन में शानदार अभियान जारी है और उन्होंने सेमीफाइनल में लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर पुरुष सिंगल्स वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जोकोविच का अपने रिकॉर्ड 25वें ग्रैंडस्लैम खिताब के लिए गत चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्काराज से सामना होगा जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में डेनिल मेदवेदेव को हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। 14 जुलाई को उनका सामना अल्काराज से होगा, जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में जीत दर्ज की।

### विंबलडन के सबसे उम्रदराज चैंपियन बनने के करीब जोकोविच

37 वर्षीय जोकोविच अगर अल्काराज की चुनौती से पार पाने में सफल रहे तो वह टूनामेंट के सबसे उम्रदराज चैंपियन बन जाएंगे। जोकोविच विंबलडन में घुटने की सर्जरी से उबरकर आए थे, लेकिन उन्होंने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और अपने प्रतिद्वंद्वी को मात देने में सफल रहे हैं। जोकोविच के सामने अब अल्काराज होंगे जिन्होंने पिछले साल विंबलडन के फाइनल में पांच सेटों तक चले मुकाबले में हराया था। जोकोविच और अल्काराज के बीच आंकड़ों में फिलहाल सर्बियाई खिलाड़ी का पलड़ा भारी है, लेकिन स्पेन का यह युवा खिलाड़ी दो मौकों पर जोकोविच को चौंका चुका है।

### जोकोविच का आज होगा अल्काराज से सामना



### फेडरर की बराबरी करने के करीब पहुंचे जोकोविच

जोकोविच अब स्विट्जरलैंड के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर की बराबरी करने के करीब पहुंच गए हैं। ओपन ऐरा में फिलहाल फेडरर एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने आठ बार विंबलडन का खिताब जीता है। जोकोविच सात बार इस टूनामेंट के चैंपियन बन चुके हैं, जबकि पीट संप्रास के नाम भी इतने ही विंबलडन खिताब हैं।

### रिकॉर्ड ग्रैंडस्लैम फाइनल खेल चुके हैं जोकोविच

जोकोविच के नाम सबसे ज्यादा बार ग्रैंडस्लैम फाइनल खेलने का रिकॉर्ड दर्ज है। जोकोविच 37वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम के खिताबी मुकाबले में पहुंचे हैं। उनके बाद सर्वाधिक ग्रैंडस्लैम खेलने के मामले में रोजर फेडरर हैं जिन्होंने अपने करियर में 31 बार ग्रैंडस्लैम फाइनल में जगह बनाई, जबकि स्पेन के राफेल नडाल 30 बार ग्रैंडस्लैम का खिताबी मुकाबला खेल चुके हैं।

# भारत के लिए मेडल जीतने पर होंगी निशानेबाजों की निगाहें

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 की शुरूआत 26 जुलाई से होने वाली है। भारत ने तीन साल पहले टोक्यो में ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था और कुल सात पदक अपने नाम किए थे। इस बार फिर से भारतीय दल से काफी उम्मीदें हैं। भारत पेरिस ओलंपिक में अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेज रहा है, जिसमें 110 एथलीट मेडल जीतने का सपना लेकर प्रतियोगिता में उतरने वाले हैं। भारत द्वारा पहली बार ओलंपिक में निशानेबाजी के सभी इवेंट्स में कोटा हासिल किया गया है। निशानेबाजी 1896 लेकर अब तक ओलंपिक खेलों का हिस्सा रहा है। इस खेल को सिर्फ 1904 और 1928 ओलंपिक गेम्स में नहीं खेला गया था।

### ओलंपिक में निशानेबाजी स्पधाओं का इतिहास

ओलंपिक में सबसे पहले कबूतर निशानेबाजी जैसे प्रितयोगिताओं का आयोजन होता था। इसके बाद 1906 और 1908 में द्वंदयुद्ध का आयोजन किया जाता था, लेकिन इसे बाद में प्रतिबंधित कर दिया गया। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ 1907 में अस्तित्व में आया और समय के साथ इस खेल को फैंस का खूब प्यार भी मिला। जब 1932 में शूटिंग को फिर से शुरू किया गया, तब इसमें 2 इवेंट शामिल थे, लेकिन 2000-2004 तक इवेंट की संख्या धीरे-धीरे बढ़कर अधिकतम 17 हो गई। 1984 में लॉस एंजिल्स में हुए ओलंपिक खेलों में केवल महिलाओं के लिए इवेंट शुरू किए गए थे, इस दौरान 77 महिला प्रतियोगियों ने भाग लिया था।

### ओलंपिक में भारतीय निशानेबाजों का रिकॉर्ड

भारत इस खेल में केवल चार पदक जीतने में सफल रहा है और उसे इस रिकॉर्ड को बेहतर बनाने की उम्मीद होगी। भारत के लिए राज्यवर्धन सिंह राठौर ने 2004 एथेंस खेलों में पुरुषों की डबल ट्रैप स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर निशानेबाजी में भारत का खाता खोला था। उसके बाद भारत को अभिनव बिंद्रा ने 2008 में बीजिंग ओलंपिक में पुरुषों की 10 मीटर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया था। वो गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज बने। 2012 में विजय कुमार ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में रजत पदक जीता, जबकि गगन नारंग ने 2012 लंदन खेलों में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

### निशानेबाजी में भारतीय दल

भारत आगामी पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए अपना अब तक का सबसे बड़ा निशानेबाजी दल भेज रहा है। कुल 21 निशानेबाज 27 पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। दल में ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर, सिफत कौर समरा, ईशा सिंह और अर्जुन बाबूता जैसे उभरते हुए खिलाड़ी शामिल हैं, जो भारत के लिए पदक जीतने की अपनी संभावनाओं को भुनाने की कोशिश करेंगे।

## इन निशानेबाजों से होगी मेडल की आस



**सिफत कौर समरा :** सिफत ने बाकू अजरबैजान में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन में पांचवें स्थान पर रहने के बाद पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा हासिल किया। वह वर्तमान में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन फाइनल में विश्व रिकॉर्ड रखती हैं। उन्होंने हांग्जो 2022 एशियाई खेलों के दौरान यह उपलब्धि हासिल की, जब उन्होंने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। 23 वर्षीय इस खिलाड़ी ने पिछले महाद्वीपीय खेलों में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन टीम स्पर्धा में रजत पदक भी जीता था।



**अर्जुन बाबूता :** अर्जुन बाबूता ने सिडनी में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप 2018 में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने आइएसएसएफ जूनियर विश्व कप 2016, गबाला में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक और कांस्य पदक भी जीता है। चांगवोन में 2023 एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में बाबूता ने 10 मीटर एयर राइफल में रजत पदक जीता, जिससे भारत को पेरिस में 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के लिए कोटा स्थान मिला। उनका अनुभव और कौशल भारत के शूटिंग दल के लिए महत्वपूर्ण होगा।



**ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर :** ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में जूनियर विश्व रिकॉर्ड हैं। उन्होंने नयी दिल्ली में 2021 आइएसएसएफ विश्व कप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है और 2020 टोक्यो खेलों में भी भारत के निशानेबाजी दल में शामिल थे। ऐश्वर्या को हांग्जो एशियाई खेलों 2023 में उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से वर्ष की शुरूआत में अर्जुन पुरस्कार मिला था।

**पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय निशानेबाजी टीम ( राइफल)**

- पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल : संदीप सिंह, अर्जुन बाबूटा
- महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल : एलावेनिल वलारिवन, रमिता जिंदल
- महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन : सिफ्त कौर समरा, अंजुम मौदगिल
- पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन: ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, स्वप्निल कुसाले
- 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम: संदीप सिंह/एलावेनिल वलारिवन, अर्जुन बाबूटा/रमिता जिंदल पिस्टल
- पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल: सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा
- महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल: मनु भाकर, रिदम सांगवान
- पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल: अनीश भानवाला, विजयवीर सिद्धू
- महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल: मनु भाकर, ईशा सिंह
- 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम: सरबजोत सिंह/मनु भाकर, अर्जुन सिंह चीमा/रिदम सांगवान

### खेल के नियम

ओलंपिक में तीन शूटिंग गेम्स होते हैं, राइफल, पिस्टल और शॉटगन। राइफल और पिस्टल स्पधाएं शूटिंग रेंज पर होती हैं, जहां एथलीट 10 मीटर, 25 मीटर और 50 मीटर की दूरी पर लक्ष्य पर निशाना साधते हैं। शॉटगन स्पधाएं सिद्धांत रूप से अलग होती हैं, क्योंकि वे बाहर होती हैं। निशानेबाज अलग-अलग कोणों और दिशाओं से लक्ष्यों पर निशाना साधते हैं। राइफल और पिस्टल स्पधाओं में भी तीन पोजिशन होती हैं। घुटने टेकना, लेटना और खड़े होना। कुछ स्पधाओं में सभी पोजिशन शामिल होती हैं। लक्ष्य पर सटीक और केंद्र के जितना करीब हो सके उतना करीब से मारना होता है।

